Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 20 सितंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 351

# नई संसद के पहले दिन सरकार का बड़ा कदम, महिला आरक्षण बिल पर पेश किया नारी शक्ति वंदन अधिनियम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गणेश चतुर्थी के दिन नई संसद का पहला दिन है। इससे पहले सांसदों ने पुराने संसद भवन में फोटोशूट कराया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान की प्रति लेकर नए भवन में प्रवेश किया। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने वाला नारी शक्ति वंदन विधेयक लोकसभा में पेश कर दिया गया है।



प्रधानमँत्री ने महिला आरक्षण बिल पर कहा कि सरकार ने इसे मंजूरी दी है। इस पवित्र काम के लिए भगवान ने मुझे चुना, आज संविधान संशोधन विधेयक पेश हो रहा है। महिला आरक्षण बिल का नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजादी का साक्षी सेंगोल इतिहास को जोड़ता है। सेंगोल आजादी की किरण का साक्षी बना, जो पंडित नेहरू के हाथों में शोभा दे रहा था, आज हमारे सामने है। नई संसद आधुनिकत भारत की भव्यता की प्रतीक है। पुरानी बातों को भूलना होगा। भवन बदला है, भाव भी बदलें। संसद दलहित के लिए नहीं देशहित के लिए है।

पीएम मोदी ने कहा किकल ही कैबिनेट में महिला आरक्षण विधेयक को मंजूरी दी गई है। आज 19 सितंबर की यह तारीख इसीलिए इतिहास में अमृत्व को प्राप्त करने जा रही है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं, नेतृत्व कर रही हैं तो बहुत आवश्यक है कि नीति निर्धारण में हमारी माताएं-बहनें, हमारी नारी शक्ति अधिकतम योगदान दें। योगदान ही नहीं, महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएं। आज इस ऐतिहासिक मौके पर नए संसद भवन में सदन की पहली कार्यवाही के अवसर पर देश के इस नए बदलाव का आह्वान किया है। देश की नारी शक्ति के लिए सभी सांसद मिलकर नए प्रवेश द्वार खोल दें इसका आरंभ हम इस महत्वपूर्ण निर्णय से करने जा रहे हैं। महिलाओं के नेतृत्व में विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए हमारी सरकार एक प्रमुख संविधान संशोधन विधेयक पेश कर रही है। इस उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी को विस्तार देना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस माध्यम से हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा।

**नए संसद भवन के श्रीगणेश से पहले बोले पीएम मोदी: यहां कुछ लोग निराश, पर दुनिया को भरोसा- टॉप 3 में पहुंचेगा भारत-** पीएम नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन में सांसदों की एंट्री से पहले अपने भाषण में कहा कि हमारे लिए यह भावुकता का समय है। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन में आज हम नए भविष्य का श्रीगणेश करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पुराना संसद भवन और खासतौर पर यह सेंट्रल हॉल हमें भावुक करता है और प्रेरित भी करता है।

अंग्रेजी हुकूमत ने 1947 में यहीं पर सत्ता का हस्तांतरण किया था। उस पूरी प्रक्रिया का साक्षी हमारा यह सेंट्रल हॉल है। यहीं पर तिरंगे और राष्ट्रगान को अपनाया गया। ऐतिहासिक अवसरों पर आजादी के बाद भी यहां दोनों सदनों की बैठकें की गईं वहीं संसद के सेंट्रल हॉल में विदाई कार्यक्रम रखा गया।

उधर, पीएम मोदी ने कहा कि 1952 के बाद दुनिया के करीब 41 अध्यक्षों ने इस सेंट्रल हॉल में हमारे सभी सांसदों को संबोधित किया है। यहीं पर संयुक्त सत्र बुलाकर कानून भी पारित किए गए। बैंकिंग सर्विस कानून, दहेज रोकथाम कानून और आतंकवाद से निपटने के कानून भी इसी हॉल में संयुक्त सत्र बुलाकर पारित किए गए।

मुस्लिम बहन बेटियों को तीन तलाक से मुक्ति भी इसी संसद में दिलाई गई। इसी सदन में हमने 4 हजार से ज्यादा कानून बनाए गए। समाज का ऐसा कोई वर्ग नहीं रहा, जिसकी सदन में चिंता न हुई हो। यहीं पर हमने 370 को हटाने का भी फैसला लिया।

पीएम ने कहा कि हम में से कुछ लोगों में निराशा हो सकती है, लेकिन दुनिया को भरोसा है कि भारत टॉप 3 में पहुंचकर रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत का बैंकिंग सेक्टर में अपनी मजबूती के चलते दुनिया में चर्चा का केंद्र है। मोदी ने कहा कि छोटी-छोटी चीजों पर लडऩे का वक्त चला गया है। अब हमें आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत करनी होगी। आज दुनिया 5 साल के अंदर ही आत्मनिर्भर भारत की चर्चा करने लगी है। इस संकल्प को पूरा करना हम सभी का दायित्व है और इसमें दल आड़े नहीं आते हैं। सिर्फ दिल चाहिए और देश के लिए चाहिए।

## हरितालिका तीज पर बड़ा हादसा : मूर्ति विसर्जन करने गई पांच बच्चियां तालाब में डूबीं

**नालंदा (आरएनएस)।** बिहार में नालंदा जिला के रहुई थाना क्षेत्र के सोसंदी पंचायत में हरितालिका तीज के मौके पर मूर्ति विसर्जन करने गई पांच बच्चियों तालाब में डूब गई, जिससे दो बहनों की डूबने से मौत हो गई तथा तीन बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि तीज पर्व को लेकर रहुई के सोसंदी पंचायत में पूजा का आयोजन किया गया था।



इसी को लेकर गांव के बच्चियां मूर्ति का विसर्जन करने के लिए डोमिनिया खंधा गए हुए थे। मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब में पानी की गहराई ज्यादा होने के कारण पांच बच्चियों डूबने लगी। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने तीन बच्चियों को तो बचा लिया लेकिन दो बच्चियों को पानी ज्यादा गहरा होने के कारण बचाया नही जा सका।

सूत्रों ने बताया कि मृतक बहनों की पहचान रहुई निवासी जयगोविंद बिंद की 10 वर्षीय पुत्री जुली कुमारी और लंबू बिंद की आठ वर्षीय पुत्री ज्योति कुमारी के रूप में हुई है। फिलहाल स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों बहनों के शवों को बाहर निकाल लिया गया है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## एक्शन मोड में भारत : कनाडा के राजनयिक को देश से निकाला

❑ राजदूत को भी किया तलब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत और कनाडा के बीच बिगड़ते राजनीतिक संबंधों के बीच मंगलवार को भारत ने एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया। उन्हें अगले पांच दिन में देश छोडऩे के लिए कहा है। भारत में कनाडा के उच्चायुक्त (कैमरून मैके) को मंगलवार को समन मिला। इसमें भारत सरकार ने वर्तमान में देश में तैनात एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के अपने फैसले से अवगत कराया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है कि संबंधित राजनयिक को आधिकारिक तौर पर अगले पांच दिन में भारत से प्रस्थान करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा भारत के विदेश मंत्रालय ने कनाडा के राजदूत को तलब भी किया है।



बयान में कहा कि यह निर्णय हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर भारत सरकार की बढ़ती चिंता को दर्शाता है। यह निर्णय तब आया जब कनाडा ने पहले एक उच्च पदस्थ भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। ये घटनाक्रम कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा सोमवार को अपनी संसद में एक बयान में भारत सरकार पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाने के बाद आया है।

ट्रूडो ने कहा था कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियां जून में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और भारत सरकार के एजेंटों के बीच संभावित संबंध के आरोपों का सक्रिय रूप से जांच कर रही हैं। भारत ने कनाडा सरकार के उन दावों को खारिज कर दिया है कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में वो शामिल है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में इसे बेतुका करार देते हुए कहा, हमने कनाडाई प्रधानमंत्री के उनकी संसद में दिए गए बयान और उनके विदेश मंत्री के बयान को देखा है और हम उन्हें खारिज करते हैं। भारत सरकार की संलिप्तता के आरोप कनाडा में हिंसा का कोई भी कृत्य बेतुका है।

## एनआईए का खुलासा, टारगेट किलिंग और जबरन वसूली के लिए पंजाब में आतंकी समूह बना रहा था हरदीप निज्जर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) का प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर युवाओं को लुभाने और धन जुटाने के लिए जबरन वसूली करने और समुदाय विशेष के व्यापारियों और नेताओं की लक्षित हत्या को अंजाम देने के लिए पंजाब में आतंकवादी गिरोह बनाने में लगा हुआ था। निज्जर को 2020 में एक नामित आतंकवादी घोषित किया गया था। उसने कई मौकों पर खालिस्तानी जनमत संग्रह कराया था, और आखिरी जनमत संग्रह 10 सितंबर को हुआ था।




राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और स्पेशल सेल ने हाल ही में विभिन्न अदालतों में दायर कुछ आरोपपत्रों में उसका उल्लेख किया है। एनआईए ने अपनी चार्जशीट में आरोप लगाया है कि वह लक्षित हत्याओं के लिए पंजाब में आतंकवादी समूह बनाने का प्रयास कर रहा था। स्पेशल सेल की चार्जशीट से पता चला है कि निज्जर, नीरज बवाना गिरोह के सदस्यों के संपर्क में था। जून में एक हफ्ते के अंदर दो खालिस्तानी गुर्गो की मौत की खबर आई थी। अवतार सिंह खांडा की ब्रिटेन में मौत हो गई और फिर हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हत्या कर दी गई। इन दो मौतों ने खालिस्तानी आतंकी समूहों के पूरे नेटवर्क को हिलाकर रख दिया। एनआईए ने निज्जर के साथ अन्य लोगों के खिलाफ कई मामलों में आरोप पत्र दायर किया, इसमें भारसिंहपुर गांव में एक हिंदू पुजारी कमलदीप शर्मा पर हमले की साजिश से संबंधित मामला और पंजाब के जालंधर के फिल्लौर में अन्य हिंसा के मामले शामिल हैं। इस मामले में एनआईए ने निज्जर पर दस लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया था। मार्च में एनआईए ने कहा था कि उन्होंने निज्जर की संपत्ति कुर्क कर ली है। दिसंबर, 2022 में, एनआईए ने डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी मनोहर लाल की लक्षित हत्या के मामले में निज्जर सहित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के चार गुर्गों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। निज्जर 1997 में फर्जी पासपोर्ट पर कनाडा भाग गया था। प्रारंभ में, उसके शरणार्थी दावे को खारिज कर दिया गया था। बाद में उसने एक कनाडाई महिला से शादी की और कनाडा के स्थायी नागरिक बन गया। 2016 और 2015 में निज्जर के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) और रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) भी जारी किया गया था। 2018 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने कनाडा सरकार को वांछित व्यक्तियों की एक सूची दी थी, इसमें निज्जर का नाम भी शामिल था। बाद में, 2022 में पंजाब पुलिस ने निज्जर के प्रत्यर्पण की मांग की थी। स्पेशल सेल और एनआईए दोनों ने अपनी चार्जशीट में उल्लेख किया है कि निज्जर, नीरज बवाना गिरोह सहित भारतीय गैंगस्टरों की मदद कर रहा था।

## तीसरी बार बेटी को जन्म देने पर पति ने पत्नी को जबरन खिलाया कीटनाशक

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने तीसरी बार लडक़ी को जन्म दिया। इसके बाद पति ने महिला (पत्नी) को जबरदस्ती कीटनाशक खिला दिया।

पत्नी को कीटनाशक खिलाने के बाद पति ने सबसे छोटी बेटी को भी कीटनाशक खिलाने की कोशिश की।

स्थानीय पुलिस सूत्रों ने कहा कि अन्य दो बेटियां किसी तरह भागने में सफल रहीं और उन्होंने अपने नाना-नानी को सूचित किया जोकि इलाके में ही रहते हैं। घटना सोमवार देर रात की है।

पीड़िता के पिता ने स्थानीय लोगों की मदद से महिला और उसकी सबसे छोटी बेटी को बचाया और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने के कारण मां और बेटी को मालदा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। बाद में नाना ने स्थानीय थाने में अपने दामाद के खिलाफ अपनी हत्या के प्रयास का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि लगातार लड़कियों को जन्म देने के कारण मेरी बेटी को अक्सर मेरे दामाद द्वारा पीटा जाता था। अब उसने उसकी हत्या करने की कोशिश की। सौभाग्य से भागने में सफल रही, मेरी अन्य दो नातिन ने हमें समय पर सूचित कर दिया। अन्यथा हम उन्हें खो देते।

पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और पति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। हालांकि, आरोपियों ने आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी का स्थानीय नागरिक स्वयंसेवकों में से एक के साथ विवाहेतर संबंध था, जिसके बाद उनके बीच अक्सर झगड़े होते थे और उनकी पत्नी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था।

## गुजरात में भारी बारिश से उफान पर नर्मदा नदी : 12000 लोगों को सुरक्षित स्थान पर किया गया स्थानांतरित

**सूरत (आरएनएस)।** गुजरात में हो रही भारी बारिश के कारण वडोदरा, भरूच, नर्मदा, दाहोद, पंचमहल, आनंद और गांधीनगर जिलों के निचले इलाकों में रहने वाले 11,900 लोगों को अस्थाई घरों में स्थानांतरित कर दिया गया है, जबकि 270 फंसे हुए नागरिकों को सुरक्षा कर्मियों ने बचाया है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने एक बयान में कहा कि गिरे हुए पेड़ों को हटाकर सडक़ें साफ करने का काम जारी है।



अधिकारियों के अनुसार, सरदार सरोवर बांध से पानी छोड़े जाने के कारण जल स्तर 40 फीट तक बढऩे के बाद पिछले दो दिनों में भरूच जिले में नर्मदा नदी के किनारे रहने वाले 6,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। भरूच शहर और तहसील के कई इलाके और अंकलेश्वर के कई इलाके और गांव अभी भी घुटनों तक पानी में डूबे हुए हैं, हालांकि सोमवार सुबह से पानी का स्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है।

**नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर-** भरूच जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र के एक अधिकारी ने कहा, अंकलेश्वर को भरूच से जोडऩे वाले गोल्डन ब्रिज पर नर्मदा नदी का वर्तमान जल स्तर 37.72 फीट है, जो खतरे के निशान 28 फीट से लगभग 10 फीट ऊपर है। रविवार को ऊपरी धारा में स्थित सरदार सरोवर बांध से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण पुल पर नदी का जल स्तर 40 फीट तक पहुंच गया। भरूच शहर में डांडिया बाजार और अन्य क्षेत्र, और अंकलेश्वर शहर और तालुका में कई गांव अभी भी घुटनों तक पानी में डूबे हुए हैं। बीडीईआरसी अधिकारी ने कहा कि स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है क्योंकि पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। गुजरात के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह प्रभावित जिलों के कलेक्टरों के साथ लगातार संपर्क में हैं।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ दोनों की 10 टीमों की मदद से जहां भी जरूरत हो, राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। कुल मिलाकर, वडोदरा, भरूच, नर्मदा, दाहोद, पंचमहल, आनंद और गांधीनगर जिलों के निचले इलाकों में लगभग 11,900 लोग रहते हैं। आश्रय गृहों में स्थानांतरित कर दिया गया। सीएम पटेल ने कहा, प्रशासन ने लगभग 270 फंसे हुए नागरिकों को बचाया, जबकि गिरे हुए पेड़ों को हटाकर सडक़ें साफ करने का काम जारी है। एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस बीच, सेना के जवानों ने 48 घंटे के ऑपरेशन के बाद वडोदरा जिले के कर्जन तालुका से गुजरने वाली नर्मदा नदी में एक छोटे से द्वीप पर फंसे 12 लोगों को बचाया।

इसमें कहा गया है, 48 घंटे के बचाव अभियान के बाद, सेना के जवानों ने महिलाओं और बच्चों सहित इन 12 लोगों को नावों की मदद से सोमवार सुबह सफलतापूर्वक बचाया और किनारे पर लाया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में गिरी बस, 24 लोगों की मौत

**लीमा ।** दक्षिण-पश्चिमी पेरू के हुआनकेवेलिका क्षेत्र में एक यात्री बस सडक़ से उतरकर दो सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार लगभग 1.30 बजे चुरकम्पा प्रांत के पहाड़ी इलाके में हुई। समाचार प्रसारक रेडियो प्रोग्रामस डेल पेरू ने चुरकम्पा इंटीग्रेटेड हेल्थ नेटवर्क का हवाला देते हुए बताया कि इस हादसे में मरने वालों में नाबालिग भी शामिल है। घायलों को हुआनकायो, पम्पास और अयाकुचो शहरों के अस्पतालों में ले जाया गया। एंको के जिला मेयर, मैनुअल ज़ेवलोस ने रेडियो स्टेशन को बताया कि क्षेत्र में हिमस्खलन के परिणामस्वरूप सडक़ कम से कम एक महीने से खराब स्थिति में है।

### कुवैत की जेल में बंद है 30 भारतीय नर्सें, सरकार ले रही रिहाई के लिए एक्शन

**तिरुवनंतपुरम ।** विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने बताया कि 30 भारतीय नर्सों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कुवैती अधिकारियों के साथ बातचीत शुरू हो गई है, जिसमें वर्तमान में हिरासत में ली गईं केरल की 19 नर्सें शामिल हैं। मुरलीधरन ने कहा कि भारत और कुवैत के बीच उच्चतम स्तर पर बातचीत शुरू हो गई है। जिस क्लिनिक में ये नर्सें काम कर रही थीं, उसके लाइसेंस को लेकर तकनीकी मुद्दे हैं। मुरलीधरन ने कहा, जिन नर्सों के छोटे बच्चे हैं जिन्हें स्तनपान कराया जा रहा है, हमने पहले से ही उनके लिए स्तनपान की व्यवस्था कर ली है। इसी तरह, भारतीय दूतावास के अधिकारी कुवैत अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें रिहा किया जाए। कुवैत जनशक्ति समिति के निरीक्षण के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया था।

### विदेश में बैठे पति ने पत्नी को व्हाट्सएप पर दिया 'तीन तलाक', एफआईआर दर्ज

**दक्षिण कन्नड़ (आरएनएस)।** कर्नाटक पुलिस ने विदेश में रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ व्हाट्सएप पर अपनी पत्नी को तीन तलाक संदेश भेजने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। मामला सुलिया थाने में दर्ज कराया गया है। सुलिया के जयनगर की रहने वाली मिस्रिया ने इस संबंध में अपने पति अब्दुल रशीद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक, केरल के त्रिशूर के रहने वाले रशीद ने सात साल पहले मिस्रिया से शादी की थी। दंपति की दो बेटियां हैं। आरोपी दो साल पहले अपनी पत्नी मिस्रिया को विदेश ले गया था। फिर वह उसे अपने दूसरे बच्चे की डिलीवरी के लिए वापस ले आया। लेकिन छह महीनों में दंपती में मतभेद हो गए, जिन्हें दोनों परिवारों ने सुलझाने की कोशिश की। लेकिन, शख्स ने अपनी पत्नी को व्हाट्सएप पर तीन तलाक का मैसेज भेज दिया। मैसेज से हैरान पत्नी ने अपने पति के खिलाफ सुलिया पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### सात दिन चली अनंतनाग मुठभेड़ खत्म, मारे गए आतंकियों में लश्कर कमांडर उजैर खान भी शामिल

**अनंतनाग (आरएनएस)।** सात दिन तक चली मुठभेड़ आज खत्म हो गई। इस मुठभेड़ में जो दो आतंकी मारे गए उनमें एक लश्कर कमांडर उजैर खान निकला। इस पर 10 लाख का इनाम घोषित था। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने कहा कि लश्कर कमांडर उजैर खान को मार दिया गया है। उसके पास से हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, एक और आतंकवादी का शव मिला है। जबकि दूसरे आतंकी की पहचान अभी की जा रही है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान शहीद हुए सिपाही प्रदीप सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धांजलि दी। एलजी मनोज सिन्हा ने कहा कि मैं हमारे बहादुरों के साहस और बलिदान को नमन करता हूं। राष्ट्र उनकी शहादत का सदैव ऋणी रहेगा। दुख की इस घड़ी में पूरा देश उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। शहीद सिपाही प्रदीप सिंह का पार्थिव शरीर पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के लिए उनके गृहनगर भेजा जाएगा।